
# लखनऊ-हरदोई सीमा पर बनेगा टेक्सटाइल पार्क

## कैबिनेट की मंजूरी : 1200 करोड़ की लागत से पीपीपी मॉडल में होगा निर्माण

अमर उजाला ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री मेगा एकीकृत वस्त्र क्षेत्र और परिधान (पीएम मित्र) योजना के तहत लखनऊ-हरदोई की सीमा पर 1200 करोड़ रुपये की लागत से पीपीपी मॉडल पर टेक्सटाइल पार्क स्थापित किया जाएगा। इससे 20 हजार से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष व परोक्ष रूप से रोजगार मिलेगा।

योगी कैबिनेट ने मंगलवार को टेक्सटाइल पार्क के लिए लखनऊ और हरदोई जिले की कुल 1000 एकड़ भूमि निशुल्क हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग विभाग को हस्तांतरित करने के प्रस्ताव मंजूरी दे दी। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि केंद्र सरकार के वस्त्र मंत्रालय के सहयोग से देश में सात पीएम मेगा एकीकृत वस्त्र क्षेत्र और परिधान (पीएम मित्र) पार्क की स्थापना की जानी है। प्रदेश में हरदोई व लखनऊ सीमा पर के लिए जमीन चिह्नित की गई है। यह भूमि हरदोई के गांवों और लखनऊ की मलिहाबाद तहसील के गांवों की जमीन ली जाएगी।



### 20 हजार को रोजगार

हरदोई जिले की 259.09 एकड़ और लखनऊ की 903.07 एकड़ सहित कुल 1162.16 एकड़ भूमि है। इसमें से 1000 एकड़ निशुल्क हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग विभाग को हस्तांतरित की जाएगी। >> संबंधित पेज 2 पर

## दूसरे राज्यों में भी नौकरी पा सकेंगे पैरामेडिकल छात्र

**लखनऊ।** पैरामेडिकल में डिप्लोमा व डिग्री कोर्स यूपी के कॉलेजों से करने वाले छात्रों के लिए खुशखबरी है। कैबिनेट ने राज्य सहबद्ध व स्वास्थ्य देखरेख परिषद के गठन को मंजूरी दे दी है। इससे पैरामेडिकल के 56 से अधिक कोर्स करने वाले छात्रों का पंजीयन हो सकेगा और वे दूसरे राज्य में नौकरी पा सकेंगे। मेडिकल, फार्मासिस्ट व नर्सिंग काउंसिल की तरह ही पैरामेडिकल कोर्स में पंजीयन अनिवार्य कर दिया गया है। इसके लिए राष्ट्रीय सहबद्ध व स्वास्थ्य देखरेख वृत्ति आयोग अधिनियम-2021 बनाया गया है। इसके आधार पर राज्यों को निर्देश दिया गया था कि राज्य स्तरीय काउंसिल का गठन करें। जिन राज्यों ने इसका गठन कर लिया है, वे पंजीयन नंबर जारी करते हैं। ऐसे में वहां यूपी के छात्रों को रोजगार के आवेदन में समस्या हो रही थी। वहीं, योगी सरकार के फैसले से अब हर साल करीब 10 हजार से अधिक छात्रों को फायदा होगा। ब्यूरो >> कैबिनेट के अन्य फैसले : पेज 2

**काउंसिल गठन को मंजूरी, 56 पाठ्यक्रमों का हो सकेगा पंजीयन**